हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

11 गोरक्षकों और नप के बीच तनातनी विधायक...



12 सात दिन नहीं खुलेंगी खाद और बीज की दुकाने



# सुबह तीन बेटियों की उठी थी डोली, शाम को पिता की अर्थी, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

## सप्ताह पहले हाईकोर्ट के आदेश पर जमीन खाली कराने पहुंचे प्रशासन के सामने पेट्रोल छिड़कर सतबीर ने लगा ली थी आग





■ मजदूरी करके गुजर बसर करने वाला सतवीर पांच बेटियों और बेटे का पिता था, तीसरी बेटी की विदाई से पहले पहुंची सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

दो परिवारों को संस्कारों से सींचने वाली बेटियों का अपने बाबुल के प्रति प्यार हमेशा जीवन में आगे बढ़ने और संजीदा रहने का सौभाग्य देता है। लेकिन लोहारू में सोमवार सांय हृदय को झकझोर देने वाला मंजर दिखाई दिया। दरअसल लोहारू में एक सप्ताह पहले जमीन कब्जा छुड़ाने गई पुलिस के सामने हुई आगजनी की घटना में सतवीर गंभीर रूप से झुलग गया था और सतवीर की तीन बेटियों नेहा, सिवानी और तानिया की डोली उठनी थी। हालांकि तीनों बेटियों की डोलियां तो उठी लेकिन बेटियां अभी अपनी ससुराल पहुंची भी नहीं थी कि बेटियों के पिता सतवीर की मौत की सूचना उन तक पहुंच गई। इस हृदयविदारक घटना का मंजर परिजनों सहित लोहारू वासियों के हृदय को कोंध रहा था।

बता दें मजदूरी करके गुजर बसर करने वाला सतवीर पांच बेटियों और एक बेटे का पिता था। उसने अपनी तीन बेटियों का अलग अलग गांवों में रिश्ता ढूंढकर उनका 7 अप्रैल को विवाह रचान की तिथि तय की थी और अपने जानने वालों तक निमंत्रण पत्र भी पहुंचा चुके थे। लेकिन विधाता ने जो रच रखा था उसे कौन टाल सकता है। 31 मार्च को आननफानन में घटना घटती है। जिसमें सतवीर और उसके मामा का बेटा अशोक गंभीर रूप से झुलस जाते हैं। आग में झुलसा मामा का बेटा अशोक, जिसकी पिछले वर्ष ही शादी हुई थी, वह घटना के दो दिन बाद काल का ग्रास बन जाता है। बावजूद इसके तीन बेटियों के विवाह को कम बारातियों के साथ करने का निर्णय ले लिया जाता है और निर्धारित समय अनुसार सुबह ही बेटी नेहा और सिवानी के दूल्हे सुबह करीब साढे आठ बजे बारात लेकर घर पहुंचते और विवाह के सात फेरों के बाद उनकी दोपहर करीब 12 बजे विदाई की जाती है। वहीं तीसरी बेटी की बारात दोपहर पहुंचती और सांय 4 बजे उसकी भी फेरों के बाद विदाई कर दी जाती है। तीसरी बेटी की विदाई होने से पहले ही परिजनों के पास सतवीर की मौत की सूचना पहुंच जाती है। जिसके बाद बेटी का ताऊ धर्मबीर सिंह आंखों में आंसु छिपाए परिवार के ही तीन सदस्यों के साथ रोहतक पीजीआई पहुंच जाते हैं और आवश्यक कार्रवाई के बाद सांय को करीब 6:30 बजे अपने भाई सतवीर का शव लेकर लोहारू पहुंचते हैं। शव पहुंचते ही परिवार में रोने बिलखने की चित्कारें सुनाई देने लगी और तीनों बेटियां का भी रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार के सदस्य एक दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आए।

## सतवीर ने भी तोड़ा दम, देर सांय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

■ झुलसे युवक अशोक ने घटना के दो दिन बाद ही दम तोड़ दिया था

करीब एक सप्ताह पहले शहर के दादरी मोड़ पर हाईकोर्ट के आदेश पर जमीन खाली कराने पहुंचे पुलिस प्रशासन के सामने पेट्रोल छिड़कने के बाद हुई आगजनी की घटना में आग में झुलसे दूसरे व्यक्ति ने भी सोमवार को दम तोड़ दिया। जबकि इस घटना में आग में झुलसे युवक अशोक ने घटना के दो दिन बाद ही दम तोड़ दिया था। परिवार में एक सप्ताह के भीतर एक ही परिवार के दो सदस्यों को चले जाने से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का कहना है आशियाना बचाने को लेकर दो लोगों की जान चली गई, ऐसे में केवल उन्हें प्रशासन पर ही भरोसा है कि वह उनकी इस जमीनी मामले में जरूर मदद करेगा।

बहरहाल घटना की सूचना के बाद से परिवार और आस पास के लोगों में मातम पसर गया है और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मृतक सतवीर के शव का अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि 31 मार्च को हाई कोर्ट के आदेश पर पुलिस प्रशासन लोहारू दादरी मोड़ पर एक जमीन को खाली करवाने पहुंचे थे लेकिन इस दौरान आनन फानन में जमीन पर काबित दो लोगों ने कब्जा कार्रवाई का कथित रूप से विरोध करते हुए स्वयं पर पट्रोल छिडक़ लिया तथा गंभीर रूप से आग में झुलस गए थे। दोनों को गंभीर अवस्था में रोहतक पीजीआई के दाखिल कराया गया था लेकिन घटना के दो दिन आग में झुलसे करीब 30वर्षीय अशोक ने दम तोड़ दिया था तथा दूसरे व्यक्ति सतवीर की हालत गंभीर बनी हुई थी। आग में झुलसे दूसरे व्यक्ति करीब 43 वर्षीय सतवीर की भी उपचार के दौरान सांसे थम गई तथा देर सायं करीब 5:30 बजे मृतक सतवीर के शव लोहारू लाया गया। गमगीन माहौल में प्रशासन की मौजूदगी में सतवीर का अंतिम संस्कार किया गया। पीड़ित धर्मबीर सिंह ने बताया कि उन्हें पीजीआई से उनके भाई सतवीर की उपचार के दौरान मौत की सूचना मिली थी। वे दोपहर में ही परिवार को बिना बताए परिजन सोनू, सुनील व दीपक के साथ रोहतक रवाना हो गए थे। सांय करीब 6:30 बजे जब मृतक सतवीर के शव को लोहारू में लाया गया तो पूरा घर चित्कार से गूंज उठा। इस दौरान थाना प्रभारी अशोक कुमार और पुलिस के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में आज लगेगा जॉब मेला

**चरखी दादरी।** रोजगार विभाग के निर्देशों के अनुसार मंगलवार 8 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सांवरियां बायो फर्टिलाइजर, पुखराज हेल्थकेयर और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस नौकरदाता के रूप में भाग लेंगे। इच्छुक 12वीं और स्नातक पास प्रार्थी एचआरईएक्स पंजीकरण कार्ड व बायो डाटा सहित जिला रोजगार कार्यालय में भाग लेना सुनिश्चित करें।

### लाइफ साइंस में कैरियर काउंसलिंग सेशन नौ को

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा लाइफ साइंस में करियर काउंसलिंग सेशन कार्यक्रम नौ अप्रैल को विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस के डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी करेंगी। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगी।

### जमनागिरी धाम में रात्रि जागरण आज

**चरखी दादरी।** गांव छपार के ब्रह्मलीन संत जमना गिरी धाम में आठ अप्रैल रात्रि को विशाल धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन मंदिर प्रांगण में यज्ञ एवं प्रसाद वितरण होगा। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि जागरण में भजन गायक राजेश थुरानिया एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया है।



**भिवानी।** खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ढांगर की टीम ने जीतवान बास को हराकर जीता मैच, सोमा रहे मैन ऑफ दा मैच

**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी स्व. अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा गांव रेवाड़ी खेड़ा स्थित ठाकुर आजाद सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सोमवार को भी रोचक मुकाबले देखने को मिले। तीसरे दिन के मैचों का शुभारंभ स्व. अमित वशिष्ठ के पिता कर्मबीर शर्मा व माता कमलेश शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि सोमवार को पहला मेच जीतवान बास और ढांगर की टीम के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ढांगर की टीम ने 20 ओवरों में 187 रन 7 विकेट खोकर बनाए। ढांगर की तरफ से सर्वाधिक 38 बॉल पर 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। नितेश ने 46 बॉल पर 53 रन बनाए। वही स्कोर का पीछा करते हुए 20 ओवर में 151 रन पर ऑल आऊट हो गई तथा ढांगर की टीम ने यह मैच जीत लिया। जीतवान बास की तरफ से सर्वाधिक रिंकू ने 55 रन बनाए। तीन विकेट लेकर ढांगर की टीम के सोमा मैन ऑफ दी मैच रहे। अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि रविवार देर रात तक आयोजित हुए दूसरे दिन के दूसरा मैच चांग स्टार क्लब व हालुवास हुरिकेन के बीच हुआ। जिसमें चांग के कप्तान डा. रविंद्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हंए 20 ओवर में 165 रन बनाए। स्टार क्लब की ओर से सर्वाधित 49 रन सोनू ने बनाए। मोनू ने दो विकेट चटकाए। स्कोर का पीछा करते हुए 19 ओवर में ही मैच जीत लिया। हालुवास की तरफ से राजेश ने सर्वाधिक 57 रन बनाए और मैन ऑफ दि मैच रहे। अंकुश ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, दीपक रिवाड़ी, संजय, संजू, महेंद्र, रोहित, नेपाल, कृष्ण सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## आई सी एस पढ़ाई के साथ साथ खेलों को बढ़ावा देगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आई सी एस पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देगा इस कड़ी की शुरुआत 11 से 17 अप्रैल को जी लिट्रा वैली स्कूल हांसी रोड भिवानी में प्रतियोगिता करवा की शुरूआत कर रहा है यह जानकारी आईसीएस सेंटर तोशाम के संचालक मनजीत कुमार तोशाम ने दालचीनी रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं उन्होंने कहा हमारे डायरेक्टर परिमल व बबीता का लक्ष्य है पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास हो और बच्चे नसों से दूर रहे इसके लिए हर साल आईसीएस सेंटर अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं करवाते रहेंगे, मनजीत सिंह ने आगे बताया इसमें लगभग इस टूर्नामेंट में लगभग 60 टीमें भाग लेंगी और प्रत्येक खिलाड़ी को प्रोत्साहन दिया जाएगा इस प्रतियोगिता में अनेक क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ीयों को आशीर्वाद देने आएंगे इससे पहले आईसीएस नशे के खिलाफ भी एक दौड़ का आयोजन करवा चुका है पौधारोपण, रक्तदान शिविर और अनेक सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है इस अवसर पर युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, अनिल शेषमा,सतीश कुमार बहल, रमेश बादल भिवानी, अनिल लोहारू, अभय सिंह सरपंच अलखपुरा ,मुकेश शर्मा ढाणीमाहु, संगम स्कूल से हरदीप पंघाल, योगेश कांटीवाल, सूरजभान प्रधान, रमेश चोपड़ा,अमित वेद रणजी खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी में अटल किसान-मजदूर कैंटीन का विधायक ने किया शुभारंभ

■ किसान और मजदूरों को मिलेगा 10 रुपये में भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अनाज मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों और यहां कार्यरत मजदूरों की सहायता के लिए अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई है। कैंटीन में महज 10 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। कैंटीन का शुभारंभ सोमवार को विधायक सुनील सांगवान ने किया। पहले दिन कैंटीन में मजदूरों व किसानों ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा।

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि आज किसानों और मंडी में कार्यरत मजूदरों की मांग पूरी की है। अनाज मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन की शुरुआत होने से किसानों व मजदूरों को 10 रुपये में शुद्ध भोजन मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान व मजदूरों सहित सभी वर्गों के विकास करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। हरियाणा सरकार देश में सबसे अधिक फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है, ताकि किसानों के लाभ को बढ़ाया जा सके। सरकार ने किसानों के हित में अनेक योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ आज सीधे किसानों को मिल रहा है। विधायक सुनील सांगवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसानों से बातचीत की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद के बाद फसल का उठान भी तुरंत करवाएं, ताकि किसान आसानी से अपनी फसल लेकर मंडी में आ सके।



चरखी दादरी। कैंटीन का उदघाटन करते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव विजय कुमार, तेजवीर सांगवान, राकेश बंजारा, विनोद कुमार, मंडी प्रधान मोहन मकड़ानिया, विनोद गर्ग व दिनेश पातुवास इत्यादि मौजूद रहे।

## किसानों को सोलर पंप पर दिया जा रहा 75 प्रतिशत अनुदान

**चरखी दादरी।** नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2019 से 2023 तक के किसानों जिन्होंने 3-एचपी से 10-एचपी बिजली आधारित कृषि ट्यूबवैल के लिए डिस्कॉम हरियाणा व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में आवेदन किया था, उन्हें पीएम कुसुम योजना के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं, जिसके लिए किसान 21 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

एडीसी कार्यालय के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा शाखा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में एक अहम पहल की है, जो राज्य के किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि किसान 21 अप्रैल तक आवेदन कर सौर ऊर्जा पंप का चयन कर सकेंगे। पीएम-कुसुम योजना के तहत वर्ष 2023 तक के मौजूदा 3 से 10 एचपी बिजली आधारित कृषि ट्यूबवेल आवेदकों को 75 प्रतिशत अनुदान पर सौर पम्प दिए जाएंगे।

## अवैध कब्जाधारियों पर चलेगा नप का हथौड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ नगरपरिषद ने मांगा ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस सहयोग

■ नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रताप सिंह बोले : नप की जमीन पर नहीं रहने दिया जाएगा अवैध कब्जा

अब नगरपरिषद की जमीन पर बुरी नजर रखने वालों की खैर नहीं। नगरपरिषद जल्द ही अपनी जमीन, सरकारी जमीन व नगर सुधार मंडल की जमीन पर कुंडली मारे बैठे लोगों को बेदखल करने जा रहा है। इसके लिए नगरपरिषद ने शहर में इस तरह की 13 जगहों की जमीन को चिहिंत किया है। साथ ही एक-दो जगहों के लिए नगरपरिषद ने नोटिस जारी भी किए है। अगर जल्द उक्त लोगों ने अवैध कब्जे नहीं हटाए तो जल्द ही नगरपरिषद अवैध कब्जाधारियों से अवैध कब्जा हटवाने जा रही है। इसके लिए नगरपरिषद ने जिला प्रशासन से डयूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस का सहयोग मांगा है। जिस दिन जिला प्रशासन से उक्त सहयोग मिल जाएगा। वहीं नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि शहर में नगरपरिषद की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं रहने दिया जाएगा। इसके लिए जल्द ही कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

### कब्जाधारियों को जारी किए नोटिस

बताते है कि नगरपरिषद ने एक अपनी भूमि की विगत में सर्वे करवाई थी। जिसमें कुछ जगहों पर नप की जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जे की लोगों ने शिकायत की। शिकायत के बाद नगरपरिषद ने अपने स्तर पर पटवारी को नियुक्त किया गया। जो कि मौके पर पहुंचकर जमीन के कागजात की जांच की। जिनमें से करीब 12-13 जगहों पर भूमि पर अवैध कब्जे पाए गए। जिनमें से कुछ जमीन नप की तो कुछ जमीन नगर सुधार मंडल की। जो कि अब नगरसुधार मंडल की जमीन नगरपरिषद के खाते में आ गई। जो कि अब वह जमीन नगरपरिषद की ही मानी जाएगी। बताते है कि नप ने अपनी, तालाबों, बावड़ियों के अलावा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को हटवाने के लिए जिला प्रशासन से डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की मांग की है। नप ने अवैध कब्जा हटवाने के लिए पुलिस प्रशासन से भी सहयोग की मांग की है। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि नप की एक इंच जमीन पर अवैध कब्जा नहीं रहने देंगे। इसके लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।





वीकेंड के दो दिन सैटरडे, संडे लोगों को ऑफिस जाने की चिंता नहीं होती है, वे इत्मीनान में रहते हैं, आराम करते हैं, दो दिन एंज्वॉय करते हैं। लेकिन मंडे आते ही उन्हें एक तरह का भय सताता है, इसे 'मंडे ब्लूज' कहते हैं। हालांकि यह क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है, लेकिन यह है क्या? इसके क्या प्रभाव हमारे ऊपर होते हैं? इससे बचाव के क्या उपाय हैं, हर वर्किंग मेल-फीमेल को इस बारे में जरूर जानना चाहिए।

# क्यों होता है मंडे ब्लूज कैसे बचें

कवर स्टोरी

सरस्वती रमेश

वर्किंग लोगों के लिए वीकेंड एक सुकून लेकर आता है। वो आराम से सोकर हफ्ते भर की थकान उतारते हैं। घर की साफ-सफाई करते हैं। दोस्तों, रिश्तेदारों से मिलते हैं। शॉपिंग करते हैं और छुट्टियों के आनंद से सराबोर होकर सोमवार को फिर से काम पर लौट जाते हैं। लेकिन मंडे सबके लिए एक जैसा नहीं होता। मंडे आने के विचार से अनेक महिलाएं और पुरुष एक भय से भर उठते हैं। ऐसा भय जिसे वो महसूस तो करते हैं, लेकिन इसके बारे में कम ही चर्चा करते हैं। जबकि यह भय अनेक लोगों के लिए वास्तविक है। इसलिए इस पर जब-तब रिसर्च होते रहते हैं। इस भय को 'मंडे ब्लूज' के नाम से जाना जाता है।

**क्या है मंडे ब्लूज:** मंडे यानी सोमवार आने या वीकेंड खत्म होने के विचार से उपजी चिंता, उदासी या तनाव की प्रबल भावनाओं को मंडे ब्लूज कहते हैं। मंडे यानी सोमवार की सुबह काम पर लौटने के लिए मन में कोई उमंग न होना, सुस्ती और आलस महसूस करना, मन में जोश की कमी होना, सब मंडे ब्लूज के लक्षण हैं। हालांकि सोमवार को होने वाली निराशा कोई क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है। यह एक तरह से लगातार काम करने से होने वाली मानसिक, शारीरिक थकान और असंतोष का नतीजा हो सकती है। मंडे ब्लूज से पीड़ित महिलाएं-पुरुष सोमवार की सुबह चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग, तेज हार्टबीट जैसी समस्याओं से जूझते हैं।

**क्यों होता है:** छुट्टी के बाद काम पर लौटने के विचार से घबराहट तभी होती है, जब नौकरी से असंतुष्टि हो या काम से संबंधित तनाव हो। जब काम रुचि का न हो या बहुत ज्यादा तनावपूर्ण हो तो हार्ट-बीट तेज हो जाती है, सिरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हो सकता है। काम के प्रति नकारात्मक सोच उत्पन्न होती है। इस तरह व्यक्ति अनचाहे ही मंडे ब्लूज का शिकार हो जाता है। कई बार वर्क लोड होने और नींद पूरी न हो पाने की स्थिति में भी सोमवार, घबराहट का सबब बनकर आता है। यह भी हो सकता है कि आप अपनी निजी



समस्याओं से ग्रस्त होकर काम से घबराती हों।

**मंडे ब्लूज के प्रभाव:** जानकार मानते हैं कि मंडे ब्लूज व्यक्ति की कार्यशैली और प्रोडक्टिविटी को प्रभावित करता है। ऐसे व्यक्ति मंडे आते ही अपने बॉस या एचआर को तरह-तरह के बहाने बताने लगते हैं। जैसे- घर में कुछ जरूरी काम है, ऑफिस आना मुश्किल है। या कोई करीबी रिश्तेदार एक्सपायर हो गया है, अंतिम संस्कार में जाना है। या आज तबियत ठीक नहीं है, आदि-आदि। हमारे इस व्यवहार से न सिर्फ हमारी इमेज खराब होती है बल्कि काम भी प्रभावित होता है।

**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका की पैसिफिक फूड्स और टाकर रिसर्च के एक सर्वे से पता चला है कि साल में औसतन 36 बार लोगों को सोमवार का डर सताता है। सर्वे में दो हजार लोगों को शामिल किया गया। इसमें 32 प्रतिशत ने कहा कि रविवार दोपहर बाद उन्हें सोमवार को काम पर लौटने की चिंता सताने लगती है। 25 प्रतिशत ने कहा कि सोमवार के बारे में सोच-सोच कर उनका रविवार भी खराब हो जाता है। कुछ लोगों का कहना था कि छुट्टी में काम की अधिकता से उपजा थकान और अपर्याप्त नींद के कारण सोमवार उन्हें पसंद नहीं आता। यहां तक कि कई बार स्कूली बच्चे भी अपने पैरेंट्स से कहते पाए जाते हैं कि यह मंडे क्यों आता है? छुट्टियां कितनी मजेदार होती हैं।

**बचाव के उपाय:** मंडे ब्लूज भले ही क्लिनिकल डिसऑर्डर न हो, लेकिन वास्तविक तो है ही। इसलिए जानकार इससे बचने के उपाय भी बताते हैं।

**समस्या को लिखकर:** दरअसल, लिखना एक थेरेपी है। हमारी कुछ चिंताएं ऐसी होती हैं, जिन्हें किसी से कहना ठीक नहीं होता या किसी से कहकर कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। लेकिन उन्हें लिखकर किसी से दुख कहने जितना ही रिलीफ मिल सकता है। इसलिए आने वाले सप्ताह को लेकर आपको किस तरह की चिंता सता रही है, उसके बारे में लिखिए। कुछ जरूरी काम जो करने हैं, उनके बारे में भी लिखें। लिखने से आपकी चिंताओं को लेकर आपका नजरिया बदलेगा। हो सकता है, लिखते हुए आपको कुछ समाधान भी सूझ जाए। समाधान न भी सूझे तो लिखने से हमें मानसिक शांति जरूर महसूस होगी। यह एक तरह से किसी को अपनी परेशानी बता देने जैसा असरदार होता है।

**व्यायाम:** सोमवार की सुबह वर्कआउट करना खराब मूड से बचने का एक प्रभावी तरीका है। कई शोधों से पता चलता है कि व्यायाम चिंता, अवसाद और कई अन्य मानसिक बीमारियों को कम करने में मददगार है। व्यायाम खुद को उन विचारों से ध्यान हटाने का एक बेहतरीन तरीका भी है, जो आपको परेशान कर रहे हैं। वर्कआउट करने से सिर्फ तन ही नहीं, मन भी हल्का महसूस करता है। इस तरह आप तारोताजा होकर अपने काम के लिए नए सिरे से तैयार नजर आएंगी।

**मेडिटेशन:** चिंता, उदासी और तनाव की स्थिति में ध्यान खुद को मानसिक शांति देने का एक शानदार तरीका है। आप अपने मूड को बेहतर बनाने और अच्छी नींद लाने के लिए संडे की रात को कुछ मिनट मेडिटेशन करें। मुमकिन हो तो इसे हर रात बिस्तर पर जाने से पहले करें। भरपूर नींद



लेने से दिमाग, फिजूल बातों की पुनरावृत्ति करने से मुक्त होता है। नए और उपयोगी विचारों का जन्म होता है और ऑफिस का काम बोझ नहीं लगता। इस तरह सोमवार नई सुबह की तरह हमारी दिनचर्या में प्रवेश करता है, चुनौती या दुःस्वप्न बनकर नहीं।

**थोड़ी बहुत मस्ती:** सब कुछ छुट्टियों में करने की बजाय कुछ मस्ती वर्किंग डेज में भी की जा सकती है। जैसे लंच ब्रेक के दौरान अपने कुलीग के साथ कुछ मिनट की सैर करना। कभी-कभी हल्का-फुल्का कोई गेम, अंताक्षरी खेलना भी तनाव को कम करता है। शाम को किसी खुली और प्राकृतिक सौंदर्य से भरी जगह में थोड़ा वक्त बिताना। इन छोटी-छोटी बातों से हमारा मन सहज होकर चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयारी करता है।

**लोगों से मिलना-जुलना:** लोगों से मिलने-जुलने से मन में प्रसन्नता के केमिकल रिलीज होते हैं। कई शोधों से पता चला है कि समूह में रहने वाले या संयुक्त परिवारों में रहने वालों को मानसिक तनाव और अवसाद की समस्या कम



होती है, जबकि लोगों से कम मिलने वाले और अकेले रहने वाले लोगों में तनाव होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए समय-समय पर अपने अजीज दोस्तों से मिलती रहें। काम से जुड़ा कोई प्रेशर हो तो उसे किसी विश्वसनीय मित्र के साथ साझा करें। हो सकता है, उससे कोई मूल्यवान सलाह मिल जाए, जो आपके भीतर के सारे डर को छूमंतर कर दे।

---

आज की व्यस्त जीवनशैली में परिवार और परिजनों के साथ रिश्तों का निर्वाह आसान नहीं है, इसका यह मतलब नहीं कि रिश्तों को यों ही छोड़ दिया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए, निकटवर्ती रिश्ते हमारी जिंदगी को आसान बनाते हैं, एक खुशी देते हैं।

# रिश्ते तब रहेंगे हमेशा मधुर-आत्मीय

रिलेशनशिप

डॉ. यशोधरा भटनागर



बहुत कुछ पाने की लालसा लिए, दौड़ती-भागती जिंदगी में बहुत कुछ हमारे हाथों से छूटता जा रहा है। छूट रहे हैं रिश्ते, रिश्तों में बंधा प्यार। हाथ में हासिल है सिर्फ अकेलापन और इससे उपजा दर्द-संत्रास। इस दर्द और अकेलेपन से घिरकर आज हम डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उलझते-टूटते रिश्तों को संभालने और जोड़ने की बहुत जरूरत है। यह अलग बात है कि आज हम इन रिश्तों को जोड़ने की कोशिश न करते हुए, इन्हें परख रहे हैं, यह करते हुए रिश्तों को तार-तार कर रहे हैं। हम अकसर कहते हैं- 'जिंदगी का असली मजा तो सबके साथ है।' जी हां, ये रिश्ते ही जीवन का आधार होते हैं, जो हमें प्रेम, अपनापन और सुरक्षा का एहसास कराते हैं। परिवार में सौहार्द, प्रेम और सामंजस्य बनाए रखने के लिए रिश्तों को समझना जरूरी है, इस तरह समझने से आपसी जुड़ाव और आत्मीयता बढ़ती है, जबकि परखने से संदेह उत्पन्न होता है। रिश्तों को मधुर और मजबूत बनाने के लिए केवल समझ ही नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान, सहनशीलता और संवाद जैसे कई महत्वपूर्ण घटक जरूरी हैं। यह घटक कौन से हैं, हमें जानना चाहिए-



**आपसी समझ और संवेदनशीलता:** जब हम अपनों को समझने का प्रयास करते हैं तो मतभेद खत्म होते हैं, आपसी संबंध मधुर बने रहते हैं। संवेदनशीलता का गुण हमें दूसरों की तकलीफों और जरूरतों को महसूस करने में मदद करता है, जिससे रिश्ते आत्मीय बनते हैं।

**विश्वास की मजबूत डोर:** रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि परिवार के सदस्य एक-दूसरे पर पूरा भरोसा रखते हैं, तो कोई भी कठिन परिस्थिति उनके रिश्तों को हिला नहीं सकती। संदेह और अविश्वास से दूरी बढ़ती है, जबकि विश्वास से प्रेम और अपनापन बढ़ता है।

**सम्मान और स्वीकृति:** रिश्ते तभी फलते-फूलते हैं, जब उनमें परस्पर सम्मान हो। यदि हम अपने परिवार के सदस्यों की भावनाओं और निर्णयों का सम्मान करें तो रिश्ते अधिक मजबूत बन सकते हैं।

**रिश्तों की संजीवनी है संवाद:** कई रिश्ते सिर्फ इसलिए कमजोर हो जाते हैं, क्योंकि लोग अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं करते। संवाद की कमी से गलतफहमियां जन्म लेती हैं, दूरियां बढ़ने लगती हैं। इसलिए यदि किसी रिश्ते को मजबूत बनाना है, तो प्रेमपूर्वक और सकारात्मक रूप से बातचीत करें।

**धैर्य और सहनशीलता:** कभी-कभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं होतीं, हमें अपनों की कुछ बातों या आदतों से असहमति भी हो सकती है। ऐसे में धैर्य और सहनशीलता का परिचय देना जरूरी है। शांत रहकर स्थिति को समझना रिश्तों को बचाए रखने का प्रभावी तरीका है।

**क्षमा और समझौता:** कोई भी इंसान पूर्ण नहीं होता, हर रिश्ते में कभी न कभी गलतियां होती हैं। यदि हम क्षमा करने और समझौता करने की भावना रखते हैं, तो रिश्ते लंबे समय तक टिकते हैं। पुरानी बातों को भूलकर जिंदगी में आगे बढ़ना चाहिए।

---

मेकअप

ललिता गोयल

# वर्किंग वूमेन इस सीजन में ऐसे करें परफेक्ट मेकअप

गर्मी के मौसम में वर्किंग वूमेन के लिए अपना मेकअप लुक दिन भर अपीलिंग बनाए रखना थोड़ा टफ होता है। इस मौसम में अधिक पसीना आने के कारण मेकअप के न टिकने और पैची दिखने की संभावना रहती है। इन प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स को फॉलो करें।

**स्किन प्रिपरेशन:** मेकअप लंबे समय तक टिका रहे, इसके लिए जरूरी है कि मेकअप से पहले स्किन बेस सही तरीके से रेडी किया जाए। सही बेस बनाने के लिए सबसे पहले किसी माइल्ड क्लींजर से स्किन को साफ करें और सुटेबल एसपीएफ युक्त लाइट मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर ह्यूमिडिटी ज्यादा है तो प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह मेकअप को फैलने से रोकता है। फेस का टी-जोन एरिया ऐसा होता है, जहां से मेकअप फैलने का डर रहता है, इसलिए लाइट मेकअप को ध्यान में रखते हुए इसे सिर्फ टी-जोन या फिर ऑयली एरिया पर ही लगाएं।



**हैवी फाउंडेशन से बचें:** गर्मी के मौसम में मेकअप करने के लिए फाउंडेशन या फिर पावडर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह टिंटेड मॉयश्चराइजर, बीबी क्रीम या वाटर बेस्ड फाउंडेशन से स्किन को कवर करें। मेकअप को सिंपल और लाइट रखें। वाटर प्रूफ प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

**सेटिंग पावडर:** मेकअप करने के दौरान सेटिंग पावडर का इस्तेमाल करें और अपने टी-जोन और पसीने वाली जगह पर अप्लाई करें। इससे मेकअप सेट रहेगा।

**कंसीलर लगाएं:** चेहरे के दाग-धब्बे या फिर डार्क सर्कल को छुपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन गर्मियों में इसके अलावा उन जगहों पर भी लगाएं, जहां इसकी जरूरत है।

**ज्यादा लेयर से बचें:** चेहरे पर मेकअप की ज्यादा लेयर ना लगाएं। एक साथ कई सारे प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं और एक्ने की समस्या होने की संभावना अधिक रहती है।

**फेस मिस्ट करें:** फेस मिस्ट एक तरह का स्प्रे होता है, जिसे मेकअप करने के बाद अप्लाई किया जाता है। यह त्वचा के डिहाइड्रेशन को रोकता है और इसके इस्तेमाल से स्किन को एक फ्रेश लुक मिलता है। स्किन टाइप के अनुसार, फेस मिस्ट का उपयोग किया जा सकता है।

**ब्लॉटिंग पेपर:** हमेशा अपने साथ ब्लॉटिंग पेपर रखें। ब्लॉटिंग पेपर मेकअप को खराब किए बिना अतिरिक्त तेल और पसीने को धीरे से सोख लेता है और स्किन दिनभर फ्रेश दिखती है।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

---

जरूरी नहीं हर छोटे-बड़े कार्यक्रम के लिए मोटा पेमेंट देकर एंकर को बुलाएं। आप में से किसी को भी कभी अपनी कॉलोनी, सोसाइटी, ऑफिस या किसी फैमिली फंक्शन में छोटे-मोटे कार्यक्रम के लिए एंकरिंग करनी पड़ सकती है। आप जब एंकरिंग कुशलता से करेंगी तो वाह-वाही पाएंगी। इस कला में माहिर कैसे हों, जानिए।

# अच्छी एंकरिंग भी है एक कला

एडवाइस

अभिव्यक्ति त्रिवेदी



कार्यक्रम छोटा हो या बड़ा, बिना अच्छे संचालन के सफल नहीं हो सकता। कार्यक्रम बिखरा-बिखरा और अव्यवस्थित लगेगा। इस लिहाज से संचालनकर्ता या एंकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। जिन कार्यक्रमों का संचालन अच्छा होता है, दर्शक भी शुरू से अंत तक जुड़े रहते हैं। ये कार्यक्रम पूर्णतः सफल होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि कार्यक्रम की सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी है एंकरिंग यानी संचालन। अच्छी एंकरिंग के लिए कौन से गुण होने चाहिए, आप भी जानें। क्या पता कब आपको किसी कार्यक्रम के लिए एंकरिग करनी पड़ जाए।

**पहले से हो तैयारी:** एंकरिंग करने वाले को कार्यक्रम की पूरी जानकारी पहले से होनी चाहिए। कार्यक्रम का स्वरूप क्या है, कौन-कौन से अतिथि आएंगे, कौन अध्यक्षता करेगा, कौन स्वागत भाषण देगा और कौन आभार प्रदर्शन करेगा, कौन किसका स्वागत करेगा? इस तरह पूरी सूची उसके पास होनी चाहिए। साथ ही, कब कौन-सी प्रस्तुति है, कब किसे बोलने के लिए आमंत्रित करना है? कुल मिलाकर पूरा खाका एंकर के दिमाग में क्लियर रहना चाहिए, तभी वह अपनी भूमिका अच्छी तरह निभा पाएगा, अन्यथा पूरा प्रोग्राम अव्यवस्थित हो जाएगा।



**आवाज हो बुलंद:** एंकरिंग करने वाले की आवाज जोरदार होनी चाहिए, जिससे उसे कभी बिना माइक के भी लोगों को संबोधित करना पड़े तो वह आसानी से कर सके। दूसरा, उसके बोलने के ढंग में सही उतार-चढ़ाव होना बेहद जरूरी है, ताकि उसके द्वारा कही गई बातें श्रोताओं तक पहुंच सकें।

**सही और स्पष्ट उच्चारण:** एंकर का बोला हुआ एक-एक शब्द सही और स्पष्ट होना चाहिए। ऐसा न हो कि वह शब्दों का गलत उच्चारण करे, वरना श्रोताओं को सुनने में अच्छा नहीं लगेगा।

**कविता और शायरियों का प्रयोग:** एंकरिंग का कार्य दर्शकों को कार्यक्रम के शुरू से आखिर तक बांधे रखना होता है ताकि वे बोर न हों और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाएं। इसलिए एक कुशल एंकर को सही समय पर सटीक काव्य पंक्तियों या शायरियों का उपयोग करते रहना चाहिए। इससे कार्यक्रम में श्रोताओं और दर्शकों की रुचि बनी रहती है। कार्यक्रम में चार चांद लग जाते हैं।

**प्वाइंट्स नोट करने की आदत:** जब-जब कोई वक्ता अपने विचार रखता है या कोई प्रस्तुति होती है, एंकर को उसके मुख्य प्वाइंट्स नोट करते जाना चाहिए और जैसे ही वक्ता का बोलना खत्म हो, उन्हीं की बात को जोड़कर आगे की बात जारी रखनी चाहिए।

**त्वरित बुद्धि का इस्तेमाल:** एंकरिंग करने वाले में यह खूबी भी होनी चाहिए कि अगर कहीं कोई बात बिगड़ रही हो तो वह अपनी त्वरित बुद्धि से उसे संभाल ले। कब कितना बोलना है, इस बात का ध्यान भी रखे ताकि आयोजन और व्यक्ति की गरिमा बनी रहे।

**लोगों को बांधे रखने की कला:** एक कुशल एंकर में यह कला होनी चाहिए कि वह अपनी बातों से लोगों का ध्यान अपनी ओर न केवल खींचे बल्कि उन्हें अपनी बातों के जादू में बांधे रखे। यह एक अच्छे एंकर का बहुत बड़ा गुण है।

इस तरह एक सफल और सुंदर कार्यक्रम के संपन्न होने के पीछे एक अच्छे एंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, उसे अपनी इस भूमिका को बहुत खूबसूरत अंदाज में निभाना चाहिए, दर्शकों के दिलों में एक जगह बनानी चाहिए।

---

डाइट सजेशन

नीलम अरोड़ा

नवजात शिशु का पहला आहार उसकी मां का दूध होता है। उसी से बच्चे को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए ब्रेस्ट फीडर मां को अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडर मां की ऐसी हो डाइट

बच्चे को जन्म देने के बाद मां के लिए यह जरूरी है कि जितने समय तक संभव हो सके, वह उसको अपना ही दूध पिलाए। इससे उसे भरपूर पोषण मिलता है। लेकिन यहां यह समझना जरूरी है कि बच्चा चूंकि मां से ही अपना आहार ग्रहण करता है, इसलिए मां की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो दोनों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर सके।

**प्रोटीन रिच डाइट:** डिलीवरी के बाद मां को प्रतिदिन छह महीने तक 80 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती हैं। 6 से 12 महीने तक उसे रोज 70 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। बच्चे को प्रोटीन इसी दूध से मिलता है। यही प्रोटीन बच्चे की मांसपेशियों के विकास और उसके वजन को बढ़ाने के लिए जरूरी है। मां के शरीर में भी यदि हार्मोंस, एंजाइम और एंटीबॉडी का सही प्रोडक्शन होगा, तो बच्चे को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा।

**आयरन:** अगर मां की डाइट में आयरन की कमी हो तो उसे एनीमिया हो सकता है। इससे बचने के लिए मां को अपनी खुराक में दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां और अंडा लेना चाहिए ताकि बच्चे को भी आयरन की आपूर्ति हो सके और उसकी मांसपेशियां मजबूत बन सकें।



**कैल्शियम-विटामिन-डी:** गर्भावस्था में भी बच्चे के शरीर में कैल्शियम की आपूर्ति के लिए मां को कैल्शियम युक्त डाइट लेने के साथ-साथ कैल्शियम की टैबलेट्स लेने की सलाह दी जाती है। मां को अपने भोजन में दही, पनीर, चीज, हरी पत्तेदार सब्जियां, ज्वार, बाजरा, रागी, अंडे, मछली लेने चाहिए। विटामिन-डी की आपूर्ति के लिए इन स्रोतों के साथ-साथ मां और बच्चे को थोड़ी देर धूप में जरूर रहना चाहिए।

**फैटी फूड्स:** डिलीवरी के बाद मां के दूध की गुणवत्ता सुधारने और ज्यादा मात्रा में दूध बनने के लिए कई तरह के वसायुक्त खाद्य पदार्थ जैसे-बादाम का हलवा, अलसी और गोंद के लड्डू, मेथी के लड्डू और ड्राई फ्रूट्स युक्त पंजीरी, खाने के लिए देने चाहिए। इनको बनाने में इस्तेमाल होने वाली अजवाइन, सौंफ, सोंठ और दूसरे मसाले पाचन के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन चूंकि इनमें फैट और कैलोरीज ज्यादा होती हैं, इसलिए इनको सीमित मात्रा में लेना चाहिए क्योंकि इससे मोटापा बढ़ सकता है।



**दिन में तीन बार खाएं:** अगर मां पूरे दिन में पोषक आहार नहीं लेती है तो वह भला अपने बच्चे को फीड कैसे करा सकती है? इसलिए बच्चे के साथ मां की सेहत भी दुरुस्त रहे, इसके लिए दिन में कम से कम तीन बार उसे संतुलित आहार लेना चाहिए, जिसमें सुबह के नाश्ते को कभी छोड़ना नहीं चाहिए। ब्रेस्ट फीड कराने के दौरान बार-बार भूख लगती हैं, क्योंकि इसमें काफी कैलोरीज खर्च होती हैं। तीन बार खाना खाने के अलावा बीच-बीच में फल, बादाम, फ्रूट्स सलाद, दही, दूध इत्यदि भी मां को लेते रहना चाहिए।

**एल्कोहल-धूम्रपान से बचें:** गर्भावस्था में ही नहीं डिलीवरी के बाद भी मां के द्वारा एल्कोहल और धूम्रपान सेवन का बुरा असर, बच्चे पर होता है। एल्कोहल दूध के द्वारा बच्चे तक पहुंचता है। धूम्रपान और तंबाकू का भी बुरा असर बच्चे पर दिखने लगता है। इसलिए ब्रेस्ट फीड कराने वाली मांओं को इनसे बचना चाहिए।

**डायटिंग न करें:** डिलीवरी के तुरंत बाद बच्चा चूंकि अपनी पूरी खुराक के लिए मां पर ही निर्भर होता है, ऐसे में मां अगर डायटिंग करती है और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन से दूर रहती है, तो बच्चे के आहार में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। डायटिंग करने की बजाय मां को डॉक्टर की सलाह पर रोजाना व्यायाम जरूर करना चाहिए, ताकि मोटापा न बढ़े।

## खबर संक्षेप

### अध्यापकों को हटाने पर जताया विरोध

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे अध्यापकों को हटाने का विरोध किया है। संघ के जिला प्रधान अजीत राठी, जिला सचिव सुमेर आर्य, वरिष्ठ उपप्रधान अंजू देवी, खंड प्रधान संजय ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा के चुनाव से पहले वोट लेने के लिए एचकेआरएन के तहत स्कूलों में अध्यापक लगाये थे। इन अध्यापक को अब रेशनलाइजेशन के नाम पर स्कूलों से हटाया जा रहा है।

### नामांकन अभियान ने पकड़ा जोर : सुमेर

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ खंड भिवानी की टीम ने मास्टर सतीश कुमार के नेतृत्व में आज मित्ताथल, गुजरानी, ढाणी हरसुख व घुसस्कानी आदि स्कूलों व गांवों में रैलियां निकालकर व नुकड़ सभाओं के द्वारा लोगों को सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करने के लिए जागरूक किया और लोगों ने हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की मुहिम की बहुत सराहना की। अभियान में जिला वरिष्ठ उपप्रधान अंजू देवी, कृष्णा सिवाच, खंड प्रधान संजय, खंड सचिव लाजपत जाखड़,जिला कोषाध्यक्ष अनूप सिवाच की विशेष भूमिका रही।

### लंबित शिकायतों का तुरंत करें समाधान : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों को शीघ्र निपटाएं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें और उनकी एटीआर पोर्टल पर अपडेट करें। समाधान शिविर में एडीसी ने जागृति कॉलोनी निवासी महावीर सिंह की पेयजल की समस्या को सुनते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थाई समाधान तक लगातार टैंकर से पेयजल आपूर्ति देना सुनिश्चित करें और शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाए।

### पीएम कुसुम योजना के लिए आंवेदन 21 तक करें

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की भलाई के लिए पीएम कुसुम योजना के तहत 75 प्रतिशत अनुदान राशि पर 3 व 10 एचपी के सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर 8 से 21 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पीएम कुसुम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ावा और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य लक्ष्य किसानों को खेती के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप उपलब्ध कराना है। किसानों की आय में वृद्धि करना।

---

घायल जीव-जंतुओं के उठान को लेकर रार

# गोरक्षकों और नप के बीच तनातनी विधायक निवास पर अनशन शुरू

■ घायल या बीमार गाय व अन्य जानवरों के उपचार की जिम्मेदारी से पीछे हट रहे नप कर्मी : परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। विधायक घनश्यामदास सर्राफ के निवास पर धरना देते गौरक्षक।

नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा घायल जीव-जंतुओं को उठाने से इनकार करने के विरोध में सोमवार को गौरक्षा दल के सदस्यों ने प्रधान संजय परमार के नेतृत्व विधायक घनश्यामदास सर्राफ के आवास के समक्ष धरना दिया तथा 10 गौसेवक क्रमिक अनशन पर बैठे।

क्रमिक अनशन पर रोजाना 10 गौसेवक बैठेंगे। इस दौरान गौरक्षा दल के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से शहर की सड़कों पर घायल गाय और अन्य जानवर बेसहारा हालत में पड़े हैं, लेकिन नगर परिषद की ओर से कोई सहायता नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से घायल या बीमार गाय व अन्य जानवर दम तोड़ रहे है। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि शहर में घायल व बीमार गाय व अन्य जानवरों की सेवा के लिए गौरक्षा दल भिवानी की मांग पर सांसद ने नप को वर्ष 2019 में एक एंबुलेंस भेंट की थी, जिसे दो वर्षो से गौरक्षा दल के सहयोग से नगर परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है, लेकिन 10 दिन पहले अज्ञात कारणों से नप ने एंबुलेंस वापस ले ली। अब शहर में जो भी बेजुबान जीवों के घायल होने की सूचना आती है तो उसको उठाने से भी नगर परिषद के अधिकारी मना कर रहे है और कारण पूछने पर बताया कि नप की कर्मचारी यूनियन ने बेजुबान घायल व जीव-जंतुओं को उठाने से मना कर दिया। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि शहर में बेसहारा नंदी को पकड़ने, बंदरों को पकड़ने, आवारा कुत्तों के रेबीज का वैक्सीनेशन का ठेका जब नगर परिषद छोड़ती है तो घायल या बीमार गाय व अन्य जानवरों के उपचार की जिम्मेवारी भी नगर परिषद की बनती है, लेकिन गौरक्षा दल नगर परिषद के कार्य को अपने स्तर पर करती है। परमार ने कहा कि एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की गाइड लाइन के अनुसार सभी बेसहारा गाय व अन्य जानवरों के आश्रय, पानी, पर्याप्त भोजन, चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करना और उनको क्रूरता से बचाना पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 3 के अनुसार स्थानीय निकाय की बनती है, जिसका पालन ना होने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो उनका अनिश्चितकालीन धरना क्रमिक अनशन से बदलकर आमरण अनशन का रूप लेगा। धरने के पहले दिन सोमवार को बलदेव, सुल्तान सैनी, आकाश भाटी, सचिन सैनी, हितेश, अभी ठाकुर, करण, देव, कृष्ण नंदन, संजय परमार क्रमिक अनशन पर बैठे। इस मौके पर साहिल, छोटू नाई, शुभम खाती, मोहन, प्रवीन दिग्विजय आदि मौजूद रहे।

---



भिवानी। समाधान शिविर में समस्या सुनते सीटीएम जितेंद्र कुमार।

## अब दो दिन सोमवार व वीरवार को लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों के आयोजन में बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

---



### कार्यकर्ताओं की पार्टी है भाजपा : रविन्द्र बापोड़ा

**भिवानी।** आगामी 9 अप्रैल को तोशाम स्थित एक निजी रेस्तरा में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। इसके लिये कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक रविन्द्र बापोड़ा ने कार्यकर्ताओ को जिम्मेवारी दी। तोशाम मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष विक्की महता की अध्यक्षता में हुई। इसमे भाजपा कार्यकर्ताओं को विशेष रुप से पहुंचे व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला चैयरमैन रविन्द्र बापोड़ा का मार्गदर्शन मिला। इस दौरान रविन्द्र बापोड़ा ने कहा कि आप भाजपा कार्यकर्ता की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। यह भाजपा में ही सम्भव है एक सामान्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बन सकता है। बैठक में मंहामंत्री शैंकी पोपली, राधेश्याम, विजय तंवर, राजेंद्र अग्रवाल, रामबीर जांगड़ा, पवन शर्मा, संजय गुर्जर, विक्रम चौहान, मास्टर अनूप, भुवनेश महता, ओमप्रकाश, दलबीर सिंह, नीता उपस्थित रहे।

---

सड़क का निर्माण कार्य शुरू

## बजरंग बली कॉलोनीवासियों की 15 साल पुरानी मांग पूरी हुई

■ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना है प्राथमिकता : विधायक घनश्याम सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

रोहतक गेट स्थित बजरंग बली कॉलोनीवासियों की 15 वर्षो पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई, जब विधायक घनश्याम सर्राफ और नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने सोमवार को बजरंग बली कॉलोनी की सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया।

इस मौके पर कॉलोनीवासियों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। कॉलोनीवासी सुशील बुवानीवाला ने बताया कि बजरंग बली कॉलोनी में सडक़ निर्माण की मांग करीबन 15 वर्ष पुरानी थी, जिसे पूरा करवाने के लिए क्षेत्रवासी लगातार अधिकारियों व मंत्रियों के चक्कर लगा रहे थे। जिसे आज विधायक व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने पूरा किया है। जिसके लिए वे विधायक व चेयरपर्सन प्रतिनिधि का आभार जताते है। उन्होंने कहा कि बरसों से खराब सडक़ की वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक सर्राफ ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कमी नहीं छोड़ेंगे।

---



भिवानी। साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा का स्वागत करते ब्रह्माकुमार।

### नशा समाज को दीमक की तरह से खोखला कर रहा

**भिवानी।** नशा समाज को दीमक की तरह से खोखला कर आपसी संबंधों को तोड़ता है, वास्तव में नशा नाश की जड़ है, ये उदगार ब्रह्माकुमारीज के समाजसेवा प्रभाग के हरियाणा राज्य सहसंयोजक मास्टर सुनील कुमार तिवाला व जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन चरखी दादरी जिला सचिव सुरेन्द्र आर्य ने ड्रग फ्री हरियाणा थीम को लेकर चल रही साइकिल यात्रा साइक्लोथॉन के चरखी दादरी पहुंचने पर स्वागत करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर साईकिल यात्रियों का गुलदस्ता व फूल मालाओं व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरेंद्र आर्य ने कहा कि साइक्लोथॉन द्वारा दिया जा रहा नशा मुक्ति का संदेश से अवश्य ही सकारात्मक परिणाम आएंगे और आज हम सभी का दायित्व है भारत की नींव युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाना तभी हम नशामुक्त हरियाणा, नशा मुक्त भारत तथा एक श्रेष्ठ व स्वर्णिम भारत की कल्पना कर सकते हैं। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष ब्रह्माकुमार मास्टर सुनील ने कहा कि आज आवश्यकता हम सभी को सकारात्मक चिंतन के द्वारा आंतरिक शक्तियों के बढ़ाने की है और ये आध्यात्मिकता के द्वारा ही संभव है।

---

## जेसीआई भिवानी स्टार ने एक शाम मनोज कुमार के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ मनोज कुमार ने भारतीय सिनेमा को दी नई दिशा : शर्मा

जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा हिंदी सिनेमा के प्रख्यात अभिनेता एवं भारत कुमार के नाम से मशहूर मनोज कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए हुडा पार्क में एक शाम मनोज कुमार के नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया। जेसीआई भिवानी स्टार के मीडिया प्रभारी कपिल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सजीव संगीत, कविता पाठ और मनोज कुमार की फिल्मों के प्रसिद्ध दृश्यों की प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्ज्वलन और मनोज कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की। कार्यक्रम में सदस्यों ने मनोज कुमार के प्रसिद्ध गीत मेरे देश की धरती, है प्रीत जहां की रीत सदा पर प्रस्तुतियां दी। कुछ सदस्यों ने डायलॉग्स और किरदारों को जीवंत रूप में पेश कर दर्शकों को भावुक कर दिया। जेसीआई के प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल ने कहा कि कहा कि मनोज कुमार ने देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों पर आधारित फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा को नई दिशा दी। शहीद, पूरब और पश्चिम, उपकार, क्रांति जैसी फिल्मों ने उन्हें आमजन के दिलों में अमर बना दिया। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक संध्या को अभिनेता मनोज कुमार के अमूल्य योगदान की स्मृति के रूप में मनाया और उनके सिने करियर को प्रेरणा बताया। हुडा पार्क में आने वाले लोगों ने भी खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी राजू सोनू, जेसी मनोज सैनी, जेसी पंकज का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पैटर्न जेसी गोपाल अग्रवाल, आईपीपी भारत गुप्ता, प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

---

## आशीर्वाद भवन में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मेधावियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला ब्राह्मण विकास परिषद ने सोमवार को यहां सैक्टर 13 स्थित आशीर्वाद भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर डा.कांता गौड़ पूर्व प्राचार्या पंडित सीताराम शास्त्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को लाईफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड एवं बेस्ट प्रिंसिपल का अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया गया।

वहीं शिक्षा जगत में रीना भारद्वाज को दो बार नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने व गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में हिन्दी विषय में टॉपर स्थान प्राप्त करने पर सरकार द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान सम्मानित किए जाने पर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा दोनों विभूतियों को शॉल ओढ़ाकर व पुष्प मालाएं प्रदान कर एक सादे समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा पहुंचे व कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद सीलकराम कौशिक ने की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजबीर धारेड़ू ने बताया कि ये दोनों विभूतियां समाज की धरोहर हैं। जिस पर हमारे पूरे समाज को गर्व है। डा.कान्ता गौड़ ,जिन्होंने अपनी मेहनत व परिश्रम से पंडित सीताराम शास्त्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को ऊंचा उठाया और छात्र संख्या अढ़ाई सौ से लगभग आठ सौ का अंक छुआ दिया। उन्होंने कहा कि रीना भारद्वाज जोकि गांव धारेड़ू के साधारण परिवार से है ने दो बार नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण की है। सरकार ने उनकी सफलताओं को अंकित किया है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सरकार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर शिक्षाविद कमल नैन वशिष्ठ, पवन शर्मा एडवोकेट, आनंद शर्मा धारेड़ू, रामोतार शर्मा सेवानिवृत एसबीआई बैंक अधिकारी, अशोक शर्मा पीएनबी बैंक सेवानिवृत अधिकारी आदि मौजूद रहे।

---

## रक्तदान करें और दूसरों को प्रेरित करें: मिगलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के वाइस चैयरमेन अंकुश मिगलानी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को रैडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के वाइस चैयरमेन अंकुश मिगलानी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यतिथि का भिवानी रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा सोसायटी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वाइस चैयरमेन ने रेडक्रॉस भवन में चल रहे रेडक्रॉस इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने रेडक्रॉस भवन का दौरा किया। मुख्यतिथि ने रैडक्रॉस की प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण को बढ़ाए जाने, रेडक्रॉस व सेंट के आजीवन सदस्य बनाने, दिव्यांगजन के सेवा कार्यो में तेजी लाए जाने सहित समाजसेवा की दिशा में किए जाने वाले अन्य कार्यो को बढ़ाने के बारे में रैडक्रॉस सचिव व अन्य कर्मचारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के वाइस चैयरमेन अंकुश मिगलानी ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

---

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में हरकोफैड एवं सहकारी संघ की इकाई द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। महाविद्यालय की एनकॉर्ड और एनसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को नशामुक्ति पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, कारण व उपचार की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रेस प्रभारी डॉ. जगवीर सिंह मान ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जगबीर सिंह श्योराण ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल की ड्रग्स डी-अडिक्शन की इंचार्ज डॉ. नंदिनी लांबा ने विद्यार्थियों को नशा करने के कारण, प्रकार व उपचार के बारे में व्याख्यान दिया। डॉ. जगदीश प्रसाद ने नशे के सामाजिक व आर्थिक प्रभाव के बारे में विद्यार्थियों को चेताया। जिला नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से सब इंस्पेक्टर बर्लिन कुमार तथा सहायक सब इंस्पेक्टर पंकज ने विद्यार्थियों को नशा करने पर कानूनी प्रावधान हैं, उनके बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

---

**कार्यक्रम** जिले में यात्रा के बाद साइक्लोथॉन महेंद्रगढ़ के लिए रवाना

# नशे के खिलाफ मिलकर लड़नी होगी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी




नशे के खिलाफ सबको एक साथ मिलकर लड़ाई लड़नी होगी तभी समाज में घर कर चुकी इस भयंकर बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकत है। इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ कार्य कर रही है और लोगों को जागरूक करने के लिए ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन के दूसरे संस्करण को चलाया जा रहा है।

दो दिनों तक जिले में जागरूकता अभियान चलाने के बाद साइक्लोथॉन यात्रा सोमवार को चिड़िया गांव के रास्ते महेन्द्रगढ जिला में प्रवेश कर गई। सुबह एसपी अर्श वर्मा ने यात्रा को रवाना किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार का यात्रा के माध्यम से बहुत बड़ा उद्देश्य है और ये उद्देश्य सार्थक होना जरूरी है। तभी हरियाणा प्रदेश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से निकाला जा सकता है। यात्रा के माध्यम से हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए युवाओं के साथ-साथ हर नागरिक को जागरूक करना होगा। सबको पता है कि एक समय पंजाब देश का सबसे विकसित प्रदेश था, लेकिन कुछ बाहरी ताकतों ने हमारे देश को पीछे धकेलने के लिए युवाओं को नशे की लत में लगाया, परिणामस्वरूप पंजाब प्रदेश ड्रग्स से जूझ रहा है। हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इसी प्रकार नशा धीरे-धीरे हरियाणा प्रदेश में भी आ रहा है, जो बहुत बड़ी चिंता का विषय है। युवाओं को अपना संदेश देते हुए अर्जुन अवॉर्डी ओलंपियन एवं यात्रा के लिए पुलिस विभाग से नियुक्त किए नोडल अधिकारी डीएसपी जयभगवान ने कहा कि खिलाड़ियों को स्वयं तो नशे से दूर रहना ही है, उसके साथ-साथ अपने छोटे भाई बहन और परिवार के अन्य सदस्यों पर भी एक नजर रखनी है।

---




विरोध प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

### किसानों की जमीनों का न्यायोचित मुआवजे को लेकर चल रहे धरने पर पहुंची किसान सभा

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा से चार दर्जन से ज्यादा किसान मेवात क्षेत्र में आईएमटी द्वारा स्थानीय किसानों की अधिग्रहण की गई जमीनों का न्यायोचित मुआवजा नहीं देने के विरोध तथा न्यायोचित मुआवजे की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन किसान धरने में शामिल होने के लिए जत्था भिवानी से मेवात पहुंचा। जत्थे का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, पदाधिकारी राजेश कुंगड़ व सुबेदार धनपत ओबरा कर रहे थे। इस अवसर पर किसान नेता रामफल देशवाल ने कहा कि गुड़गाव से आगे मेवात क्षेत्र में नये आईएमटी ने किसानों की कई हैक्टेयर जमीन कुछ वर्ष पहले हरियाणा राज्य सरकार के माध्यम से अधिग्रहित की थी। उस समय किसानों को मामूली 40 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया था और जबरदस्ती उनसे लिखवा लिया था कि वे भविष्य में कोर्ट केस नहीं करेंगे तथा अधिक मुआवजे की मांग नहीं करेंगे, अब वे अधिकृत व अधिग्रहण जमीनों का भाव 18-20 करोड़ रुपये प्रति एकड़ हो गया है तो किसानों को उसका फायदा मिलना चाहिए, क्योंकि सस्ते में उनकी जमीनों का अधिग्रहण किया गया था।

### दो दिन आयोजित होंगे समाधान शिविर

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सरकार के आदेशों की पालना सुनिश्चित करते हुए अब हरेक सोमवार और बृहस्पतिवार को ही समाधान शिविर लगेंगे। डॉ. अशवीर नैन ने कहा कि गुड गवर्नेंस का समाधान शिविर सशक्त माध्यम बन गए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि हमारे गाव चांदवास में मछली पालन हेतु जोहड़ की खुली बोली 08.04.2025 को होगी। इच्छुक बोली दाता 08.04.2025 को सुबह 11 बजे अमृत सरोवर तालाब किष्कंधा रोड पर पहुंच कर बोली में भाग ले सकता है। नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-
सरपंच, ग्राम पंचायत चांदवास
9992366626

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत त्रि-भाषाई सूत्र लागू

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार एवं सचिव डॉ० मुनीश नागपाल, ने आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को छह अनिवार्य और एक वैकल्पिक विषय सहित सात विषय पढने होंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा नौवीं व दसवीं में क्रमशः शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 से त्रि-भाषाई सूत्र लागू करने का फैसला लिया गया है।

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर जागरण 12 को

**चरखी दादरी।** गांव रानीला में होली चौक के समीप श्रीहनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल रात्रि को सवामणी प्रसाद वितरण एवं श्रीबालाजी के विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए तेलूराम प्रजापत ने बताया कि जागरण में भजन गायक राजेश थुरानिया, डॉ. सोमबीर सिवाड़ा, श्यामसुंदर कौशिक, योगेश कौशिक, प्रदीप आंवल, पिंकी आंवल, वीरू म्यूजिकल ग्रुप, श्रीभगवान आदमपुर, धर्मबीर महादेव आर्ट ग्रुप, वीरेंद्र शर्मा बौंद प्रस्तुति देंगे।

### नरसिंहवास में प्रसाद वितरण आज

**चरखी दादरी।** गांव नरसिंहवास के पंचायत घर में बालाजी भंडारे का आयोजन 8 अप्रैल को होगा। समाजसेवी कालू शर्मा ने बताया कि आठ अप्रैल को सुबह 8 बजे यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सर्वमंगल कामना के साथ आहुतियां अर्पित कर नौ बजे कन्या भोज के साथ ही 10 बजे से देशी घी का प्रसाद वितरण शुरू होगा।

### 30 अप्रैल तक होगी सरसों की खरीद

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि 30 अप्रैल तक सरसों सरकार द्वारा खरीदी जाएगी। एसडीएम डॉ. नैन ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों की सरसों की साफ सूथरी ढेरी की तुरंत खरीद करें।एसडीएम ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आनी चाहिए।

## नए खाद-बीज अधिनियम के विरोध में उतरे दुकानदार

# खाद-बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकानें सात दिन नहीं खुलेंगी

### व्यापारियों ने नॉन बेलेबल वारंट का कानून गलत बताकर इसे वापस लेने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

जिले के खाद-बीज और कीटनाशक दुकानदारों ने आज से 7 दिन के लिए दुकानें बंद कर दी हैं। व्यापारियों ने सरकार द्वारा कीटनाशक अधिनियम में सजा का प्रावधान करने के विरोध में दुकानें बंद की हैं। खाद-बीज के व्यापारी ने सरकार से कानून में किए संशोधन के विरोध में हड़ताल की है। भिवानी में आज बीज-खाद एवं फसलों में डाले जाने वाले कीटनाशक दवाओं पर बनाए गए कानून के विरोध में 7 दिन के लिए अपनी दुकानें बंद कर दी हैं। कानून हटाने के लिए व्यापारियों ने पहले भी एक बैठक बुलाकर सरकार के नाम प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जा चुका है। बैठक में व्यापारियों ने बीज और कीटनाशक दवा के सैंपल सब डिवीजन आने से नॉन बेलेबल वारंट का कानून गलत बताया और इसे वापस लेने के लिए सरकार को पत्र भेजा जा चुका है।

व्यापारियों ने सरकार से बीज एवं कीटनाशक पर बनाए गए अधिनियम हटाए जाने के लिए अपनी दुकानें बंद कर दी हैं। उनकी मांगें हैं कि सरकार द्वारा पेस्टीसाइड पर संशोधन कर कानून में बनाए गए कारावास के प्रावधान को गलत बताते हुए उसे वापस लेने की बात कही है। व्यापारियों ने कहा कि 2025 में बीज और कीटनाशक अधिनियमों में किए गए संशोधन में अर्थदंड एवं कारावास के प्रावधान कड़े किए गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि हरियाणा में पिछले वर्षों में किसी भी प्रकार का घोटाला नहीं मिला है। किसानों द्वारा बीज, खाद व कीटनाशक खरीद के बाद सैंपल लेने पर उसके नकली आने की पुष्टि नहीं होती है। उसके बावजूद भी इस तरह के कड़े नियम उन पर थौपे गए है। जो कि सरासर गलत है।



भिवानी। नॉन बेलेबल वारंट के विरोध में हड़ताल पर बीज व दवाई विक्रेता। फोटो : हरिभूमि

#### दुकान खोलने पर 5100 रुपये जुर्माना लगेगा

जिला खाद बीज विक्रेता एसोसिएशन के प्रधान सुनील ने कहा कि सरकार की ओर से जो अधिनियम बनाए गए हैं वे सही नहीं हैं। उन्होंने बताया कि खाद, बीज एवं कीटनाशक सैंपल सब डिवीजन जाने से नकली साबित नहीं होता है। अधिनियम के तहत सैंपल सब डिवीजन जाना नॉन बेलेबल वारंट जारी किया जाना है जो कि व्यापारी वर्ग के विरोध में हैं। अगर कोई दुकानदार अपनी दुकान खोलता है तो उस पर 5100 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। आज भी एसोसिएशन के सदस्यों ने विभिन्न गांवों में जाकर दुकानदारों से बातचीत की है। दुकानदारों का उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा है। इस दौरान कृष्ण, गुलाब, विक्की चौधरी, सतपाल तंवर, नरेन्द्र, अजय, विनय मौजूद थे।

# हवन से शिक्षा सत्र की शुरुआत

- सीआर बाल विद्या मंदिर स्कूल में कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी

सी आर बाल विद्या मंदिर स्कूल में नव शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन व यज्ञ के साथ किया गया। प्राचार्य विजय कुमार सांगा की अध्यक्षता में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान समस्त विद्यार्थियों के लिए मंगल कामना की गई। बतौर यज्ञमान संचालक श्रीभगवान शर्मा तथा कुसमलता सांगवान ने सहपरिवार शिरकत की। इस दौरान सचिव सुरेश फौगाट, सोसायटी प्रधान विरेंद्र फौगाट सहित समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों, अभिभावकों ने पुर्णाहुति अर्पित की। प्रधानाचार्या विजय कुमार सांगा तथा मधु शर्मा ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। यह जीवन में सफलता का सबसे बडा मार्ग है। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती बल्कि यह तो इंसान के जीवन को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। हवन के उपरांत विधिवत रूप से शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्रशासन से अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि स्कूल बच्चों के मानसिक, अध्यातिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास में अपना योगदान देते हुए उनके सर्वांगिण विकास को ही अपना लक्ष्य मानता है।



चरखी दादरी। नव शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर हवन में आहुति डालते हुए।

# किरण ने ताशकंद में मजबूती से रखा भारत का पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

- प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व की वजह से विदेश में भारत को खूब मिला है सम्मान : किरण चौधरी

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने ताशकंद में आयोजित इंटर पार्लियामेंट यूनियन की बैठक में हिस्सा लिया और मजबूती से भारत का पक्ष रखा। उन्होंने भारत में महिला सशक्तिकरण के विषय में उठाए गए कदमों के बारे में बताया और विश्व में इसकी खूब सराहना की गई। ताशकंद में आयोजित बैठक में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला सहित भारत के 11 सांसद हिस्सा ले रहे हैं। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने बताया कि पूरे विश्व की निगाहें भारत की तरफ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से विदेशों में भारत को बड़े सम्मान के साथ देखा जा रहा है। इंटर पार्लियामेंट यूनियन की बैठक में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर बहस होती है और बाद में वोटिंग होती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व की वजह से ही भारत को विदेशों में सम्मान मिला है। पूरी विश्व में भारत का रुख देखा जाता है। भारत की निगाहों की कदर की जाती है और भारत के फैसले को माना जाता है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू : कौशिक

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हालही में नियुक्त किए सक्रिय सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने व उन्हे उनकी जिम्मेवारियां समझाने के लिए 8 व 9 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण शिविर के तहत भिवानी जिला की चारों विधानसभाओं का अलग-अलग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बारे में जानकारी देने के लिए सोमवार को भिवानी, तोशाम, बवानीखेड़ा व लोहारू में मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। जिसके तहत भिवानी मंडल की अध्यक्ष जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने ली।

# कल करेंगे जेल भरो आंदोलन

- ईवीएम के दम पर तानाशाही करना चाहती है भाजपा : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा मूलनिवासी बहुसंख्यक समाज विरोधी विभिन्न नीतियों और बहुसंख्यक समाज के ऐतिहासिक व संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा के खिलाफ भारत मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में 9 अप्रैल को वामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। चिड़ियाघर रोड पर उपायुक्त कार्यालय के सामने चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल पार्क के सामने 11 बजे से होने वाले जेल भरो आंदोलन की तैयारियों को लेकर सोमवार को भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा व उसके सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक दिनोद गेट स्थित वामसेफ कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया ने की। बैठक के दौरान ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाने, मूलनिवासी बहुसंख्यक महापुरूषों को आरएसएस और भाजपा द्वारा संसद में की गई अवमानना का विरोध, बोधगया के महाबोधि महाविहार की मुक्ति, स्थानीय स्तर के अन्य बहुजन समाज से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जाने, जाति आधारित जनगणना करवाए जाने, वक्फ बोर्ड व चर्चों की जमीन को कब्जे में लेने के षड़यंत्र का विरोध जताया।



भिवानी। मीटिंग में चर्चा करते वामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा सदस्य।

# 'हेल्थ इज वेल्थ' सप्ताह का शुभारंभ हुआ

- हेल्थ इज वेल्थ' थीम 2025 स्वास्थ्य सप्ताह के तहत 11 मरीजों को एक माह तक दी जाएंगी नि :शुल्क दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

भिवानी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ' हेल्थ इज वेल्थ' थीम 2025 स्वास्थ्य सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों व अभिभावकों को पौधे भेंट कर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही विद्यार्थियों को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक न केवल शिक्षा देता है, बल्कि वह विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों व स्वास्थ्य की दिशा में भी प्रेरित करता है। इसलिए शिक्षकों को इस अभियान से जोड़ना जरूरी है। भारद्वाज ने कहा कि हेल्थ इज वेल्थ' थीम 2025 स्वास्थ्य सप्ताह के तहत 11 मरीजों को एक माह तक निःशुल्क दवा दी जाएंगी ताकि उनका दवा के अभाव में स्वास्थ्य न बिगड़े। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सलोनी उर्फ़ सोनू द्वारा जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क दवा पानी के लिए जन सेवा समय समय पर की जाती है । लगातार 5 वर्ष से सलोनी इस प्रकार का धर्म कर्म व जनसेवा कार्यक्रम सामाजिक संस्था नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति अध्यक्ष के साथ करती आ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और जल संरक्षण को लेकर भी जागरूक किया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

#### स्वास्थ्य का महत्व बताया

विवेकानंद हाई स्कूल की संचालिका सावित्री यादव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और नशा मुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।

# नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने सामान्य अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति/ पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। उन्होंने बारीकी से सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने दाखिल मरीजों के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी हासिल की और मरीजों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मरीजों को नशा छोडक़र अपनी जिदगी में आगे बढऩे और अच्छा काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र की इंचार्ज को हिदायत देते हुए कहा कि वे केंद्र में दाखिल मरीजों के इलाज के साथ-साथ उनको नशा छोडऩे के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे नशा त्याग कर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ सकें।



भिवानी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सीजेएम पवन कुमार ने किया सेफ हाउस का औचक निरीक्षण

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार सीजेएम कम प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सेफ हाउस में रह रहे जोड़ों की स्थिति का मूल्यांकन करना था। प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार ने निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस की साफ-सफाई, रहन-सहन, पीने के पानी की व्यवस्था और भोजनालय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि सेफ हाउस में बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सेफ हाउस में रह रहे युगल जोड़ों को प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्राधिकरण के माध्यम से जोड़ों को कानूनी सलाह, सुरक्षा, और अन्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

# नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया

- हवन यज्ञ से चरित्र एवं संस्कारों की पड़ती नीव : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

मेगा माइंड किड्स स्कूल में नए शिक्षा सत्र की कक्षाओं का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया। विद्यालय प्राचार्या मंजू शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सत्यनारायण सैनी, कृष्ण सैनी, कुलदीप सैनी, संजय सैनी व मंजू सैनी ने हवन-यज्ञ में आहुति डाली। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नई कक्षाओं की शुरूआत संस्कार एवं पढ़ाई से शुरू हुई। विद्यालय प्राचार्या मंजु शर्मा ने कहा कि प्राचीन समय में गुरुकुल जैसी परंपराओं, संस्कारों व हवन के साथ बच्चों में अपनी संस्कृति व को सीखने का मौका मिलता है।



भिवानी। हवन में आहुति डालती विद्यालय प्राचार्या मंजू शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। पूर्व सैनिक के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ विरोध जताते पूर्व सैनिक।

# दुर्व्यवहार के विरोध में उतरे पूर्व सैनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

बीते रोज गांव बामला टोल प्लाजा पर भारतीय सेना में कार्यरत्त सूबेदार राजेश व उनके परिवार के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में सोमवार को समस्त पूर्व सैनिक व सैनिक संगठन ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कैप्टन राजा तंवर ने कहा कि सूबेदार राजेश कुमार सभी दस्तावेज दिखाने के बाद उनको टोल पार नहीं करने दिया तथा उनकी पत्नी,दिव्यांग बच्चें के साथ अभद्रता व दुर्व्यवहार किया, जो निदंनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सैनिकों व पूर्व सैनिकों के सम्मान में समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करती है, वहीं भाजपा शासनकाल में ही सैनिकों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सैनिक अपना जीवन देश की सीमा की रक्षा कर देशवासियों को बाहरी खतरे से सुरक्षित रखता है, लेकिन उसी सैनिक का उसके ही देश में अपमान किया जाता है।

## हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं घुसकानी स्कूल ने चलाया अभियान

# गली-गली घूम दाखिला करवा रहे टीचर

- आर्थिक रूप से कमजोर प्रत्येक परिवार के बच्चें तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाना सरकार का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से नामांकन अभियान चलाया। अभियान के तहत गांव घुसकानी में गली-गली घूमकर सरकारी विद्यालयों की उपलब्धियों एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा लोगों को प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालयों में करवाएं, ताकि उन्हें सस्ती व अच्छी शिक्षा मिल सकें। वहीं नामांकन अभियान से पूर्व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सदस्य सतीश कुमार, खंड प्रधान संजय सिंह, सचिव लाजपत जाखड़, वरिष्ठ उपप्रधान अमरू देवी, जिला कोषाध्यक्ष अनुप सिवाच, कृष्णा सिवाच, जिला प्रैस सचिव सुनील सूरा, जिला सचिव सुमेर आर्य ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय व स्थान प्राप्त करने वाले राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यापक संघ की वरिष्ठ प्रधान अंजू देवी एवं शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू के नेतृत्व में चलाए नामांकन अभियान के तहत विद्यार्थियों ने सरकारी विद्यालयों की उपलब्धियों को गिनवाते पट्टी-बैनर को हाथों में लेकर तथा वाहन में लगे साऊंड माइक के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का गली-गली घूमकर प्रचार किया।



भिवानी। गांव में जागरूकता रैली निकालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### अच्छी शिक्षा दिलवाना लक्ष्य

पिंकू ने बताया कि सरकार का उद्धेश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को सस्ती व उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा मुहैया करवाना है, ताकि प्रत्येक बच्चें को शिक्षा का अधिकार मिल सकें तथा वह राष्ट्र की तरक्की में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। इसी उद्धेश्य से सरकार के निर्देशानुसार नामांकन अभियान चलाकर अभिभावकों को उनके बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालयों में करवाए जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अंजू व पिंकू ने कहा कि आज सरकारी विद्यालयों में निजी विद्यालयों से बढकर शैक्षणिक एवं खेल व अन्य गतिविधियों का माहौल बना हुआ है, जिसके चलते किसी भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले लगभग खिलाड़ी सरकारी विद्यालयों से ही होते है। लक्ष्मी देवी ने संघ द्वारा चलाए जा रहे नामांकन अभियान की प्रशंसा की तथा कहा कि ऐसे अभियान से लोग जागरूक होते है तथा बच्चों व उनके अभिभावकों का रूझान सरकारी विद्यालयों की तरफ बढ़ता है।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी

भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।

- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।

Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT

मकान न. 4, पटेल नगर,
सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863